हर समय अरदास करूँ मैं

हर समय अरदास करूँ मैं,
चरणों में श्याम तेरे,
तूने दिया है नया सवेरा,
कर दिए दूर अँधेरे,
तेरी दया से ओ श्याम बाबा,
मैं हूँ बड़ा खुशहाल,
मेरे सांवरिया,
रखना मेरा ख़याल,
मेरे सांवरिया,
रखना यूँ ही ख़याल।

तूने ही मुझको बाबा,
हिम्मत सदा बंधाई,
जब जब डूबी नैया मेरी,
तुमने पार लगाई,
बदल ना पाया जो कोई बाबा,
तुमने बदले हाल,
मेरे सांवरिया,
रखना मेरा ख़याल,
मेरे सांवरिया,
रखना यूँ ही ख़याल।

सोचा ना था ऐसा रुतबा,
बाबा तुमने किया है,
अनमोल रहमत का ख़जाना,
मुझको जो ये दिया है,
मेरी इस शौहरत को बाबा,
मेरे साथ संभाल,
मेरे सांवरिया,
रखना मेरा ख़याल,
मेरे सांवरिया,
रखना यूँ ही ख़याल।

तूने दिया परिवार मुझे,
मैं उनको प्यार करता हूँ,
सुबह सुबह माँ बाप के बाद में,
याद तुझे करता हूँ,
मैं हुआ हूँ लायक बाबा,
ये सब तेरा कमाल,
मेरे सांवरिया,
रखना मेरा ख़याल,
मेरे सांवरिया,

रखना यूँ ही ख़याल।

हर समय अरदास करूँ मैं,
चरणों में श्याम तेरे,
तूने दिया है नया सवेरा,
कर दिए दूर अँधेरे,
तेरी दया से ओ श्याम बाबा,
मैं हूँ बड़ा खुशहाल,
मेरे सांवरिया,
रखना मेरा ख़याल,
मेरे सांवरिया,
रखना यूँ ही ख़याल।

https://bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/22512/title/har-samaye-ardas-karu-main

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |